प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद
शिक्षा केन्द्र--2 समुदाय केन्द्र,
प्रीति विहार, नई दिल्ली।

पत्रांक एन0ओ0सी0/ 188-95 /2015--16 दिनांक 7/4/2015
विषय : लिटिल एंजल स्कूल केराकत जौनपुर को सी0बी0 एस0ई0 बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना।

महोदय,

उपयुर्क्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि उक्त संदर्भित विद्यालय को सी0बी0एस0ई बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन आपत्ति नहीं है :--

1. विद्यालय की पंजीकृत सोसाइटी का समय--समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।
2. विद्यालय की प्रबन्ध समिति में संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा।
3. विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जनजाति के मेधावी बच्चों के लिए सुरक्षित रहेगें और उनसे उ0प्र0माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।
4. संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नही को जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेण्ड्री एजूकेशन नई दिल्ली/कौंसिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट इक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है, तो उस परीक्षा परिषदो से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगें।
5. संस्था के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियो का राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियो की अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेगें।
6. कर्मचारियो की सेवा शर्ते बनायी जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवानिवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेगें।
7. राज्य सरकार द्वारा समय--समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेगें संस्था उनका पालन करेगी।
8. विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र पंजिकाओं में रखा जायेगा।
9. उक्त शर्तो में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्द्धन नहीं किया जायेगा।

Massum Jannat
PRINCIPAL
LITTLE ANGEL SCHOOL
KERAKAT, JAUNPUR

Yasmin Begam
MANAGER
LITTLE ANGEL SCHOOL
KERAKAT JAUNPUR

उक्त प्रतिबन्धों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा, और किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबन्धों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जाती है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा।

भवदीय

डा0 (प्रदीप कुमार)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

पृ0सं0 / एन0ओ0सी0 / 188-95 / 2015–16 दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सचिव, माध्यमिक शिक्षा उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. आयुक्त, वाराणसी मण्डल वाराणसी।
3. शिक्षा निदेशक (मा0) उ0प्र0 लखनऊ।
4. जिला विद्यालय निरीक्षक जौनपुर।
5. निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय उ0प्र0 लखनऊ।
6. प्रबन्धक, लिटिल एंजल स्कूल केराकत जौनपुर
7. गार्ड फाइल हेतु।

डा0 (प्रदीप कुमार)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

Massum Jannat
PRINCIPAL
LITTLE ANGEL SCHOOL
KERAKAT, JAUNPUR

Yasmin Begam
MANAGER
LITTLE ANGEL SCHOOL
KERAKAT JAUNPUR

लिटिल एंजल स्कूल केराकत जौनपुर के आवेदन पत्र पर सी0बी0एस0ई0 बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु विद्यालय की आख्या –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय में प्राप्ति तिथि | दिनांक 5.9.2014 को कार्यालय में पत्रावली प्राप्त करायी गयी है। |
| 2 | विद्यालय भूमि एवं भवन का सत्यापन | इस कार्यालय के एन0ओ0सी0 / 5626–29 / 14–15 दिनांक 17.10.2014 द्वारा तहसीलदार केराकत जौनपुर को पत्र प्रेषित किया गया जिसके आलोक में तहसीलदार केराकत जौनपुर से दिनांक 3.12.2014 को आख्या प्राप्त है। |
| 3 | नेशनल बिल्डिंग कोड प्रमाण पत्र | इस कार्यालय के एन0ओ0सी0 / 5620–23 / 14–15 दिनांक 17.10.2014 द्वारा लोक निर्माण विभाग जौनपुर को पत्र प्रेषित किया गया जिसके आलोक में सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग जौनपुर से दिनांक 22.10.2014 को आख्या प्राप्त हैं। |
| 4 | निरीक्षण तिथि | जिला विद्यालय निरीक्षक जौनपुर द्वारा दिनांक 21.3.2015 को विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण आख्या दिनांक 21.3.2015 में उल्लेख किया गया है कि 20×25 फीट के 05 कक्ष, 20×20 फीट के 07 कक्ष, 20×16 फीट के 01 कक्ष, 20×18 फीट के 02 कक्ष, 16×15 फीट के 02 कक्ष के साथ अन्य कक्ष निर्मित है। उक्त के अतिरिक्त विद्यालय में शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था के साथ खेल का मैदान उपलब्ध है। |
| 5 | आवेदन शुल्क | ट्रेजरी चालान संख्या वी0 050064 दिनांक 13 जनवरी 2014 द्वारा आवेदन शुल्क की धनराशि रू0 10700/– भारतीय स्टेट बैंक वाराणसी में जमा किया गया है। चालान की मूल प्रति उपलबध है। |
| 6 | सोसाईटी/ट्रस्ट का पंजीकरण | विद्यालय शान्ज एकेडमी टाउन पो0 केराकत जिला जौनपुर सोसाइटी द्वारा संचालित है। |
| 7 | सोसाइटी/ट्रस्ट में प्रतिबन्धो का समावेश | शासनादेश के प्रस्तर–5 के अनुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु संस्थाओ के सोसाइटी/ट्रस्ट बाइलाज में राज्य सरकार के निर्धारित शर्तो का समावेश किया किया गया है। |
| 8 | आय–व्यय का विवरण | वर्ष 2013 एवं 2014 के आय–व्यय का विवरण पत्रावली में संलग्न है। |
| 9 | विद्यालय का स्वरूप व शिक्षण सत्र | सह शिक्षा के रूप में अंग्रेजी माध्यम से संचालित किये जाने की व्यवस्था है। इसके साथ अनिवार्य रूप से हिन्दी एवं संस्कृत पढ़ाने जाने की व्यवस्था की गयी है। विद्यालय का शिक्षण सत्र माह अप्रैल से मार्च संचालित होता है। |
| 10 | छात्र संख्या का विवरण | विद्यालय में कक्षा–1 से 08 तक बालक/बालिका की कुल छात्र संख्या 315 है। |
| 11 | शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियो का विवरण | विद्यालय में 01 प्रधानाचार्य 12 अध्यापक, 01 लाईबेरियन, 01 लिपिक एवं 03 परिचारक है। जिसमें सभी अध्यापक प्रशिक्षित है। |
| 12 | सेवा नियमावली | कर्मचारियो की सेवा नियमावली तैयार की गयी है जो आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया गया है। अध्यापको एवं कर्मचारियो |

Massum Jannat
PRINCIPAL
LITTLE ANGEL SCHOOL
KERAKAT, JAUNPUR

Yasmin Begam
MANAGER
LITTLE ANGEL SCHOOL
KERAKAT JAUNPUR

| | | |
|---|---|---|
| | कर्मचारियो का विवरण | लिपिक एवं 03 परिचारक है। जिसमें सभी अध्यापक प्रशिक्षित है। |
| 12 | सेवा नियमावली | कर्मचारियो की सेवा नियमावली तैयार की गयी है जो आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया गया है। अध्यापको एवं कर्मचारियो की सेवाएं, बनायी गयी सेवा नियमावली के तहत व्यवहृत की जाती है। |
| 13 | भूमि एवं भवन | विद्यालय भूमि के सम्बन्ध में तहसीलदार केराकत जौनपुर की आख्यानुसार विद्यालय ट्रस्ट के नाम 265, 263, 264, 270 कुल 04 गाटा में 2387.14 वर्ग मी0 भूमि अंकित है। गाटा संख्या 273 में प्रार्थी के किरायेनामे जो 100 रू0 स्टाम्प पर अंकित है, के अनुसार 10.1/2 डिसमिल भूमि है। इस प्रकार आख्या में कुल 6069 वर्गमीटर भूमि का उल्लेख किया गया है, जहां विद्यालय संचालित है।(तहसीलदार केराकत जौनपुर की आख्या संलग्न है)। |
| 14 | कीडा सामग्री | विद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध है। |
| 15 | पुस्तकालय | विद्यालय में पुस्तकालय कक्ष निर्मित हे जिसमें पुस्तके उपलब्ध है। |
| 16 | विज्ञान प्रयोगशाला उपकरण | विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला से सम्बन्धित उपकरण सामग्री उपलब्ध है। |
| 17 | लेखन/शिक्षण सामग्री | विद्यालय प्रबन्धतंत्र द्वारा शिक्षण सामग्री की व्यवस्था की गयी है विद्यालय में कम्प्यूटर, प्रिन्टर ग्लोब चार्ट, ब्लैक बोर्ड, के साथ अन्य सामग्री उपलब्ध है। |
| 18 | शुल्क विवरण | विद्यालय में प्रतिमाह की दर से ली जाने वाली शुल्क का विवरण आवेदन पत्र के साथ संलग्न है। |
| 19 | चिकित्सा सुविधा | विद्यालय के छात्र/छात्राओं को आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु फर्स्ट एड बाक्स की व्यवस्था की गयी है। |
| 20 | मनोरंजन सामाग्री | विद्यालय प्रबन्धतंत्र द्वारा मनोरंजन के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गयी है। |
| 21 | नेशनल बिल्डिंग कोड | विद्यालय भवन भूतल से अधिक निर्मित है, शासनादेश के अनुसार सहायक अभियन्ता द्वारा निरीक्षण किया गया है, प्रमाण पत्र संलग्न है। |
| 22 | अग्नि सुरक्षा | विद्यालय में अग्निशमन यंत्र लगे हुए है, मुख्य अग्निशमन अधिकारी वाराणसी द्वारा दिनांक 27.11.2014 को प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। |

संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

Massum Jannat
PRINCIPAL
LITTLE ANGEL SCHOOL
KERAKAT, JAUNPUR

Yasmin Begam
MANAGER
LITTLE ANGEL SCHOOL
KERAKAT JAUNPUR